# एम.ए. (जेंडर एंड डेवलपमेंट स्टडीज़)

**असाइनमेंट 2026–27**

**प्रथम वर्ष के पाठ्यक्रम**

**जुलाई 2026 और जनवरी 2027 में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों के लिए**

**स्कूल ऑफ जेंडर एंड डेवलपमेंट स्टडीज़**

**इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (IGNOU)**

मैदान गढ़ी, नई दिल्ली-110068

**प्रिय शिक्षार्थियों**

MAGD के कार्यक्रम गाइड में बताए अनुसार, असाइनमेंट का किसी पाठ्यक्रम में **30 प्रतिशत भारांक** है। किसी पाठ्यक्रम को सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए असाइनमेंट में कम से कम **40 प्रतिशत अंक** प्राप्त करना आवश्यक है। पाठ्यक्रम की टर्म-एंड परीक्षा में सम्मिलित होने से पहले असाइनमेंट जमा करना अनिवार्य है।

असाइनमेंट करने से पहले कार्यक्रम गाइड में दिए गए निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। प्रत्येक पाठ्यक्रम में एक **ट्यूटर मार्क्ड असाइनमेंट (TMA)** है। जिन पाठ्यक्रमों में आपने पंजीकरण किया है, उन सभी के लिए असाइनमेंट करना होगा। प्रत्येक पाठ्यक्रम के लिए असाइनमेंट अलग-अलग तैयार करके जमा करें।

असाइनमेंट जमा करने की अंतिम तिथियाँ:

1. **31 अक्टूबर 2026** — दिसंबर 2026 की टर्म-एंड परीक्षा में सम्मिलित होने वाले विद्यार्थियों के लिए।
2. **30 अप्रैल 2027** — जून 2027 की टर्म-एंड परीक्षा में सम्मिलित होने वाले विद्यार्थियों के लिए।

जमा किए गए असाइनमेंट की रसीद या क्षेत्रीय केंद्र से प्राप्त ई-मेल उत्तर अवश्य सुरक्षित रखें तथा असाइनमेंट की एक फोटो-कॉपी अपने पास रखें।

# MGS-002: जेंडर, विकास लक्ष्य और प्रैक्सिस

**ट्यूटर मार्क्ड असाइनमेंट (TMA-01)**

**प्रोग्राम कोड: MAGD**

**कोर्स कोड: MGS-002**

**असाइनमेंट कोड: MGS-002/AST-01/TMA/2026-27**

**नोट: सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है। खंड A के प्रत्येक प्रश्न के 20 अंक हैं और प्रत्येक का उत्तर लगभग 700 शब्दों में दिया जाना है। खंड B के प्रत्येक प्रश्न के 12 अंक हैं और प्रत्येक का उत्तर लगभग 500 शब्दों में दिया जाना है।**

## खंड-A

1. जेंडर मेनस्ट्रीमिंग (Gender Mainstreaming) को परिभाषित कीजिए। किसी एक एशियाई देश द्वारा जेंडर मेनस्ट्रीमिंग के प्रयास का उदाहरण देते हुए इसकी आवश्यकता स्पष्ट कीजिए।

2. जेंडर और विकास के परिप्रेक्ष्य से माइक्रो-क्रेडिट (Micro-credit) और माइक्रो-इंश्योरेंस (Micro-insurance) हस्तक्षेपों की आवश्यकता पर चर्चा कीजिए।

## खंड-B

3. शिक्षा में जेंडर संबंधी मुद्दों को संबोधित करने के लिए भारत द्वारा किए गए हस्तक्षेपों का परीक्षण कीजिए।

4. महिलाओं पर सामाजिक अवसंरचना (Social Infrastructure) के महत्व का विश्लेषण कीजिए।

5. कार्यस्थल पर महिलाओं की सुरक्षा के लिए बनाए गए कुछ श्रम कानूनों की व्याख्या कीजिए।

6. "स्वच्छता सुविधाएँ महिलाओं के स्वास्थ्य में सुधार करती हैं।" टिप्पणी कीजिए।

7. निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए:

i) स्वयं सहायता समूह (Self-Help Groups)

ii) असंगठित क्षेत्र (Unorganized Sector)

iii) SEWA

iv) सामाजिक बहिष्करण (Social Exclusion)